# वार्षिक परीक्षा

V

कक्षा – ग्यारहवीं

विषय– भूगोल

समय– 3 घंटे पूर्णांक – 70

नोट–सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए– 5

1) जब नदियों में उनकी क्षमता से अधिक जल आ जाता है, तो उसे कहते हैं –
अ) ज्वार ब) बाढ़ स) सिंचाई द) कंपन

2) छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा नदी है –
अ) शिवनाथ नदी ब) खारुन नदी स) महानदी द) इन्द्रावती नदी

3) भारत एक देश है, जहाँ अधिकांश लोग करते हैं–
अ) सेवा ब) पलायन स) उद्योग द) कृषि

4) कौन सा देश क्षेत्रफल में भारत में बड़ा है–
अ) चीन ब) फ्रांस स) मिश्र द) ईरान

5) किस वैज्ञानिक ने सर्वप्रथम भूगोल शब्द का प्रयोग किया–
अ) हेरोडोटस ब) गैलिलियो स) इरेटास्थनीज द) अरस्तु

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 5

1) भू पटल के अत्यंत गहरे भागों में ----- चट्टानें मिलती है ।

2) अपक्षय के कारकों में ----- ताप महत्वपूर्ण है ।

3) समुद्र के जल का अपने स्थान पर हिलना डुलना ----- कहलाता है ।

4) छोटा नागपुर का पठार ----- भंडार है ।

5) सुंदरवन ----- नदियों के डेल्टा पर पाये जाते हैं ।

प्रश्न 3. अति लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10

1) अकाल या सूखा का मुख्य कारण क्या है ?

2) मृदा किसे कहते हैं ?

3) भूकंप किसे कहते हैं ?

4) वलन क्या है ?

5) वायुमंडल को कितनी परतों में बांटा गया है ?

प्रश्न 4. लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (कोई 5) 15

1) भूगोल का अध्ययन क्यों महत्वपूर्ण है ?

2) मौसम और जलवायु में क्या अंतर है ?

3) सारगैसों सागर क्या है ?

4) जैव विविधता का संरक्षण क्यों आवश्यक है ?

5) भारत की भौगोलिक स्थिति का क्या महत्व है ?

6) हिमालय से भारत को क्या लाभ है ?

7) मानसूनी वर्षा की प्रमुख विशेषताएँ क्या है ?

प्रश्न 5. दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1) ज्वालामुखी से होने वाले लाभ एवं हानियों के बारे में बताते हुए सचित्र वर्णन कीजिए । 5

अथवा

शैल या चट्टान से आप क्या समझते हैं ? प्रकारों का भी वर्णन कीजिए ।

2) मृदा अपरदन को रोकने के उपाय लिखिए । 5

अथवा

सूर्यताप को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए ।

3) उत्तर भारत की नदियाँ एवं दक्षिण भारत की नदियों में अंतर स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

महासागरीय जल में लवणता की भिन्नता के क्या कारण है ?

4) मानसूनी वर्षा का भारत के जन–जीवन से क्या संबंध है ? 5

अथवा

वनों से अप्रत्यक्ष लाभ क्या है ?

5) मृदा अपरदन के पाँच कारण लिखिए ।

अथवा

काली मृदा का विस्तार एवं विशेषताएँ लिखिए ।

6) भूगोल की एक मान्य परिभाषा लिखते हुए, उसके विषय क्षेत्र की व्याख्या कीजिए । 5

अथवा

वेगनर महोदय का महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत क्या था ? संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

प्रश्न 6. भारत के सीमाकर मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए– 5

1) थार का मरुस्थल 2) चिल्का झील 3) मालवा का पठार

4) कावेरी नदी 5) काराकोरम पर्वत श्रेणी

(87)